तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 29 मई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



4
आदिवासी ब्लाकों में अब मॉडल हेल्थ सेंटर समेत अत्याधुनिक लाइब्रेरी का होगा निर्माण




## खबर संक्षेप

### पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध

**जशपुरनगर।** जिले में उर्वरक की कमी नहीं है। अद्यतन स्थिति में सहकारी समितियों में युरिया 3762.840 मे.टन.एन.पी.के. 973.550 मे.टन डीएपी 1954.950 मे.टन.सु.फा. 245.950 मे.टन, व म्यूरेट आफ पोटाश 525.300 मे.टन. कुल 7462.590 मे.टन. रासायनिक खाद उपलब्ध है। इसी तरह डबल लाक केन्द्रों में युरिया 1671.39 मे.टन.एन.पी. के. 225.5 मे.टन. डीएपी 872.650 मे.टन. सु.फा. 24.750 मे.टन. व म्यूरेट आफ पोटाश 68.25 मे.टन कुल 2862.54 मे.टन. रासायनिक खाद संग्रहण केन्द्रों में उपलब्ध है।

### विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर कांसाबेल में जागरूकता कार्यशाला



**जशपुरनगर।** जनपद कांसाबेल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर स्व-सहायता समूह (SHG) की महिलाओं के लिए 'माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। कार्यशाला में उपस्थित मुख्य अतिथियों और विशेषज्ञों ने महिलाओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। जिला समन्वयक मदन प्रेमी ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत माहवारी स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस तरह सही स्वच्छता अपनाकर महिलाएं कई तरह की बीमारियों से सुरक्षित रह सकती हैं। प्रतिनिधि शास्त्री कुमार और ब्लॉक समन्वयक नीलेश कुमार ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं को इस संदेश को गांव-गांव तक पहुंचाने और अन्य महिलाओं व किशोरियों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गंभीर

**सेदम।** बतौली एनएच 43 पर कार सवार पीडब्ल्यूडी के टाइम कीपर अधिकारी ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बतौली के राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पेट्रोल पंप के पास बीती रात सीतापुर पीडब्ल्यूडी विभाग में पदस्थ टाइम कीपर अधिकारी शैलेश सिन्हा ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए अपनी कार क्रमांक सीजी 15 डी जेड 9849 से अंबिकापुर की ओर जा रहे स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ए एल 1554 को टक्कर मार दिया जिससे स्कूटी सवार बंधियाचुआ निवासी आकाश कुजूर आ. अमर कुजूर गंभीर रूप से घायल हो गया।

## बढ़ता भारत–बदलता भारत अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला

# मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने सौंपा दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रव्यापी "बढ़ता भारत–बदलता भारत" अभियान की तैयारियों को लेकर आज भाजपा कार्यालय कांसाबेल में जशपुर जिले की महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में 5 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों एवं जनसंपर्क गतिविधियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय सुरक्षा एवं गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि "बढ़ता भारत–बदलता भारत" अभियान केवल सरकार की ⏭ शेष पेज 4 पर

### योजनाओं से सकारात्मक परिवर्तन

पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में नई गति प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है, जिसे जन-जन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

### सेवा, सुशासन राजनीति का मूल आधार

जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि भाजपा सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को राजनीति का मूल आधार बनाया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को लेकर सकारात्मक संवाद स्थापित करेगा।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रोहित साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, निगम अध्यक्ष सुरेंद्र बेसरा, आनंद शर्मा, शांति भगत, रीना बरला, नटवर मूंदड़ा, आलोक सारथी, शंकर गुप्ता, श्रीनायक मिश्रा, सुनीति भोय, सुषमा सिंह, रूपेश सोनी, हरजीत सिंह भाटिया, सुशीला साय पैंकरा, पिंकी गुप्ता, ममता कश्यप, अंकित बंसल, मुकेश सोनी, हेमन्त बंजारा, हरीश कुमार, राजकुमार गुप्ता, कपिलदेव साय, मुनेश्वर सिंह केसर, रागिनी भगत, बॉबी ताम्रकर, राजा सोनी, दीपू मिश्रा, विजय शर्मा, सुनील राय सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**अभियान को बनाएंगे सफल:** भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं और अभियान को बूथ स्तर तक सफल बनाना सभी की जिम्मेदारी है। वहीं निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने संगठनात्मक मजबूती एवं जनभागीदारी के माध्यम से अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया। जिला महामंत्री मुकेश शर्मा एवं मनीष अग्रवाल ने कार्यशाला का संचालन किया।

# महिला सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री से मिली प्रियंवदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले में महिला सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंवदा सिंह जूदेव ने नईदिल्ली में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाक़ात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि बीते दिनों शहर के बेल महादेव की महिलाओ ने उनसे मुलाक़ात के दौरान शाम से लेकर रात तक कुछ संदिग्ध लोगो द्वारा डेरा जमाने की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि इस पर जल्द ही वह एसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह से मुलाक़ात कर, चर्चा करेंगी। जूदेव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के समुचित विकास के लिए महिलाओ का योगदान आवश्यक है। इसके लिए महिलाओ को सुरक्षित वातावरण देना जरूरी है। जिससे वह भयमुक्त हो कर अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद, देश के निर्माण में सहयोग दें।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महिला सुरक्षा को लेकर आश्वस्त किया कि महिला सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस मामले में सरकार ने जीरो टॉरेंस की नीति अपनाई है। उल्लेखनीय है कि जशपुर राज परिवार और भाजपा के दिग्गज नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप सिंह जूदेव की बड़ी बहु हैं।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रियंवदा सिंह जूदेव को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में सदस्य की जिम्मेदारी दी है। इससे पहले जूदेव नगर पालिका जशपुर के उपाध्यक्ष और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की जिम्मेदारी भी सम्हाल चुकी है।

### सूपाझरिया जलाशय के जीर्णोद्धार के लिए 3.15 करोड़ की स्वीकृति

**सूरजपुर।** राज्य शासन ने सूरजपुर जिले के विकासखंड ओड़गी स्थित सूपाझरिया जलाशय योजना के मरम्मत एवं जोर्णोद्धार कार्य के लिए 3 करोड़ 15 लाख 95 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। मरम्मत कार्य पूर्ण होने पर जलाशय की रूपांकित सिंचाई क्षमता 82 हेक्टेयर पूरी तरह बहाल हो जाएगी। इस नहर जीर्णोद्धार कार्य से ओड़गी क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की स्थायी सुविधा मिलेगी और कृषि उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। सूपाझरिया जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने पर जलाशय की रूपांकित सिंचाई क्षमता 82 हेक्टेयर पूरी तरह बहाल हो जाएगी।

## 6 गौ वंशों को तस्करों से कराया मुक्त

**जशपुरनगर।** चौकी सोनक्यारी पुलिस को मुखबीर से पुख्ता सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ग्राम झरगांव छाता टांगर के जंगली रास्ते से 6नग गौ वंशों को मारते पीटते हुए, जल्दी जल्दी पैदल हांक कर ले जा रहा है, जिस पर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, तत्काल मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु, ग्राम झरगांव छाता टांगर रवाना हो गए। पुलिस ने पाया कि एक संदिग्ध व्यक्ति, 6 नग नग गौ वंशों को पैदल हांक कर, मारते पीटते हुए ले जा रहा है।

पुलिस की टीम के द्वारा, त्वरित कार्यवाही करते हुए, घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया, पूछताछ पर पर पकड़े गए संदिग्ध ने अपना नाम सूरज भगत



■ एक तस्कर को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम बछरांव, थाना नारायणपुर, जिला जशपुर (छ.ग) का रहने वाला बताया। पुलिस के द्वारा जब उससे गौ वंशों से संबंधित वैध दस्तावेजों की मांग करने पर उसके द्वारा कोई दस्तावेज नहीं दिया जा सका, जिस पर पुलिस के द्वारा उसके कब्जे सभी 6 नग गौ वंशों को बरामद करते हुए, आरोपी के विरुद्ध चौकी सोन क्यारी में में छ ग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया।

पुलिस की पूछताछ पर आरोपी ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया उक्त गौ वंश, थाना सन्ना क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम के दो संदिग्ध व्यक्तियों का है, जिसके कहने पर वह उक्त गौ वंशों को लेकर जा रहा था। पुलिस ने उक्त दोनों संदिग्धों को भी चिन्हित कर लिया है, जिसकी पता साजी जारी है, शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जावेगा। पकड़े गए आरोपी के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त सबूत पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## अमडीहा के सुशासन शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



विकासखंड फरसाबहार में सुशासन शिविर अमडीहा में लगाया गया जिसमें शिक्षा विभाग का इस वर्ष सत्र 2025- 26 में विकासखंड का 10वीं 12वीं एवं केंद्रीयकृत परीक्षा पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। अमडीहा शिविर के दौरान प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी शिक्षा विभाग द्वारा केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा पांचवी एवं आठवीं में संकुल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही विकासखंड फरसाबहार कक्षा दसवीं एवं 12वीं के प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

अमडीहा शिविर अंतर्गत 10 संकुल शामिल हुए जिसमें 6 हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल आते हैं जिनमें से कुल 39 छात्र छात्राओं को संकुल स्तर पर उच्चतम अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। उक्त पुरस्कार प्राप्त छात्रों को सभी छात्रों, पालकों, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों ने सबको इसकी बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती दुलारी सिंह जी सदस्य जिला पंचायत जशपुर ,अति विशिष्ट अतिथि भरत साय जी पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, संध्या सिंह जनपद उपाध्यक्ष , डॉ अजय शर्मा पूर्व जिला पंचायत सदस्य, कपिलेश्वर सिंह पूर्व मण्डल अध्यक्ष तपकरा, भजन साय मुख्यमंत्री के निज सहायक, संतोष जायसवाल पूर्व जनपद सदस्य, आदेश जायसवाल युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष, मंगरु साय राष्ट्रीय महामंत्री कंवर समाज, रामनिवास गुप्ता जिला संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ जशपुर (भाजपा), सर्व सरपंच एवं उपसरपंच की उपस्थिति में सम्पन्न हुए। उक्त कार्यक्रम में अनुभगीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार फरसाबहार एवं तपकरा, सीईओ जनपद पंचायत, बीईओ, सहायक बीईओ, बीआरसी फरसाबहार सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक ,प्राचार्य एवं शिक्षक के साथ जिले एवं विकासखंड के अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिक पालक उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री भगत ने राष्ट्रपति को सौंपा धर्मांतरण की समस्या को लेकर ज्ञापन

**जशपुरनगर।** जनजातीय सुरक्षा मंच के नेतृत्व में देश के विभिन्न क्षेत्रों मे वर्ष 2006 से चल रहा आंदोलन की जानकारी के साथ पूर्व मंत्री गणेश राम भगत ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान विभिन्न हिस्सों से पहुंचे जनजाति प्रतिनिधित्व कर रहे नेता भी उपस्थित थे। गणेश राम भगत ने राष्ट्रपति से भेंट कर उन्हें एक आदिवासी प्रतीक चिन्ह भेंट किया। राष्ट्रपति ने इस दौरान पुरानी बातों को लेकर भी छत्तीसगढ़ को याद किया। विदित हो कि जनजातीय सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय



संयोजक गणेश राम भगत के नेतृत्व में पूरे देश में धर्मांतरित लोगों को जनजाति सूची से बाहर करने की मांग निरंतर चल रही थी इस डीलिस्टिंग आंदोलन के साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों का भारी समर्थन रहा। जिले के नेता रोशन प्रताप सिंह, रामप्रकाश पांडेय ने बताया कि इसी के तहत 24 मई को दिल्ली के लाल किला मैदान में ऐतिहासिक जनजाति सांस्कृतिक समागम का आयोजन किया गया जिसमें देश भर के 500 से भी अधिक जनजाति के लगभग 2 लाख लोग उपस्थित हुए थे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृह मंत्री अमित शाह ने इसे जनजातीय कुंभ की संज्ञा देते हुए कहा था कि गणेश राम भगत के नेतृत्व में चल रहा यह आंदोलन भगवान बिरसा मुंडा के उलगुलान के बाद सदी का सबसे बड़ा आंदोलन है । इस अवसर पर गणेश राम भगत के साथ देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। राष्ट्रपति को ओडिशा का गमछा भी सौंपा गया।

## उल्लास समर कैम्प में बच्चों ने सीखे स्केच और ड्राइंग

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़िया क्लाउड ए सोशियो कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा जशपुर के बच्चों, किशोर और युवा युवाओं के लिए 15 दिवसीय उल्लास समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

कैम्प में चित्रकला विषय पर पोर्ट्रेट, स्टील लाइफ, नेचर स्टडी, स्केचिंग, ड्राइंग आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चित्रकला विषय के प्रशिक्षण के लिए रायगढ़ और चांपा से सुमन साहू और टेसु सूर्यवंशी आएंगे। दोनों कलाकारों ने चित्रकला विषय में राजकुमारी इन्दिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय से बैचलर इन फाइन आर्ट का कोर्स किया है. नृत्य के दो





विषय हैं। शास्त्रीय नृत्य में भरतनाट्यम और वेस्टर्न जिस पर प्रशिक्षण मनीषा भगत के द्वारा प्रदान किया जाएगा। मनीषा एशिया के प्रथम संगीत, कला के रूप में मान्यता प्राप्त राजकुमारी इन्दिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से भरतनाट्यम में स्नातक और स्नातकोत्तर तक का प्रशिक्षण प्राप्त किया है साथ ही उन्होंने राज्य के अंतरराष्ट्रीय विद्यालयों में अपनी सेवा प्रदान की है।

### 7800 किसान काजू की खेती से सीधे जुड़े


# काजू उत्पादन को किसानों ने बनाया आय का उत्तम साधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जशपुर में किसानों को सेब, नाशपाती, काजू, स्ट्राबेरी, आदि अन्य खेती के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। जशपुर में जिला प्रशासन उद्यान विभाग रीड्स और नाबार्ड के संयुक्त प्रयास से जिले के लगभग 7800 किसान 7800 एकड़ खेत में काजू की अच्छी फसल ले रहे हैं। सभी किसान अपने एक एक एकड़ के खेत में काजू की अच्छी फसल ले रहे हैं।

■ जशपुर काजू गुणवत्ता और मिठास के कारण अन्य जिलों के साथ झारखंड, उड़िसा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली तक डिमांड





जशपुर की काजू की डिमांड छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के साथ झारखंड, उत्तर प्रदेश, उड़िसा, दिल्ली आदि अन्य राज्यों में निरंतर बनी रहती है। गुणवत्ता और मिठास के मामले में भी जशपुर की काजू के क्या कहने इसी कारण इसकी ज्यादा मांग मार्केट में बनी हुई है। उल्लेखनीय काजू एक लाभदायक नगदी फसल है ग्राफ्टेड पौधे जल्दी फल देते हैं और उत्पादन अधिक होता है। रोपण विधि वर्षा ऋतु में पौध रोपण करना अच्छा रहता है। पौधों के बीच लगभग 7–8 मीटर दूरी रखें। गड्ढे में गोबर खाद और मिट्टी मिलाकर पौधा लगाएं। सिंचाई और देखभाल शुरुआती वर्षों में नियमित सिंचाई आवश्यक होती है। खरपतवार नियंत्रण और समय-समय पर छंटाई करना चाहिए पौधे 3–4 वर्ष बाद फल देना शुरू करते हैं। पूर्ण उत्पादन 8–10 वर्ष में मिलता है। एक विकसित पेड़ से 8–15 किलोग्राम तक काजू प्राप्त हो सकता है। काजू का उपयोग मिठाई, नमकीन और ड्राई फ्रूट में उपयोग किया जाता है। काजू के छिलके से औद्योगिक तेल बनाया जाता है। निर्यात से किसानों को अच्छा लाभ मिलता है।


अग्रसेन धाम
SENIOR LIVING HOME
A PREMIUM OLD AGE HOME
छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम प्रीमियम सीनियर लिविंग कम्युनिटी
1 मई 2026 से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ
12.5 एकड़ भूमि में निर्मित 100 सर्व सुविधायुक्त AC कमरों सहित एक लाख वर्ग फीट भवन
सभी धर्म/समुदाय के लोगों के लिए उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
• योगा कक्ष • गार्डन • लाइब्रेरी • पूजा घर • डेयरी फॉर्म • शुद्ध सात्विक भोजन • जिम
• स्विमिंग पूल • साइकिलिंग ट्रैक • लिफ्ट • जनरेटर (50KW) • इनडोर एवं आउटडोर गेम
• Wi Fi कैंपस • डॉक्टर/नर्स (24 Hrs) • एम्बुलेंस / टैक्सी (24x7 on Call)
राजेन्द्र कुमार अग्रवाल (संचालक)
चेयरमैन, अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस
मो. 89595 44444
स्थान- ग्राम - डंगनिया, तह.- गुण्डरदेही,
(दुर्ग - बालोद मेन रोड़) (दुर्ग से 17KM)
जिला - बालोद (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### स्वच्छता अभियान के तहत सीएमओ ने लोगों को किया जागरूक

**कुसमी।** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सीएमओ ने बस स्टैंड में टेलीविजन के माध्यम से प्रचार प्रसार कर लोगों को किया जागरूक। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार एवं टी एल में दिए गए कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के तहत नगर पंचायत अंतर्गत कुसमी बस स्टैंड सहित अन्य स्थानों पर नगरवासी सहित आस पास के लोगों को टेलीविजन के माध्यम से प्रचार प्रसार कर स्वच्छता को लेकर जागरूक किया गया। टेलीविजन में पिक्चर दिखाकर और मौखिक रूप से विस्तृत रूप से बताकर जानकारी दी गई। स्वच्छता अभियान में कार्यरत दीदियों को अब कचरे को चार अलग अलग डिब्बे में रखने की जानकारी दी गई , जिसके तहत हरे डब्बे में गिला कचरा, बचा हुआ भोजन, सब्जी एवं फलों के छिलके रखने की जानकारी दी गई, वही नीला डिब्बा में सुखा कचरा प्लास्टिक, कागज, बोतल एवं गता रखने की जानकारी दी गई, लाल डब्बे में सैनिटरी वेस्ट, सैनिटरी पैड, डायपर एवं मेडिकल उपयोग का घरेलू कचरा जैसे पुरानी बैटरी, बल्ब, दवाइयां एवं ई वेस्ट सामग्री रखने की जानकारी दी गई।

### आर्गेनाईजेशन ट्रस्ट के सहयोग से टिकाऊ सिंचाई परियोजना को बनाया सक्षम



**अम्बिकापुर।** वाटरशेड आर्गेनाइजेशन ट्रस्ट के सहयोग से सरगुजा और कोरबा जिले में सामुदायिक नेतृत्व वाली जल संरक्षण पहल को लागू किया है। उदयपुर, लखनपुर पोंडीकला और सिर्री गांवों के किसान परिवारों को पूरे वर्ष भरोसेमंद सिंचाई सुविधा प्राप्त हो रही है। एचडीबी फाइनेंसियल सर्विसेज ने इस परियोजना के तहत दो चेक डैम, पांच सामुदायिक कुएं और सौर ऊर्जा संचालित रिवर लिफ्ट सिंचाई प्रणाली स्थापित की गई है। इससे 108 एकड़ कृषि भूमि को सुनिश्चित जल उपलब्धता मिली है और 87 किसान परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचा है। इस पहल ने वर्षा आधारित कृषि से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान करने में मदद की है, जहां सीमित सिंचाई के कारण पहले केवल एक फसल सीजन तक ही खेती संभव हो पाती थी। जल उपलब्धता में सुधार होने के बाद अब क्षेत्र के किसान विभिन्न मौसमों में अनेक फसलों की खेती कर पा रहे हैं, जिससे कृषि उत्पादकता बढ़ी है, परिवारों की आय में सुधार हुआ है और आजीविका के लिए मौसमी पलायन पर निर्भरता कम हुई है। यह पहल सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई और सामुदायिक जल बजटिंग प्रथाओं को अपनाकर प्राकृतिक संसाधनों के सतत प्रबंधन को भी बढ़ावा देती है। इससे पारंपरिक ईंधन आधारित प्रणालियों पर निर्भरता घटाते हुए जल का कुशल उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है।

### पदोन्नत वनपालों का किया गया स्टार अलंकरण



**अम्बिकापुर।** वनपरिक्षेत्र अम्बिकापुर में पदस्थ 6 वनरक्षकों को पदोन्नत कर वनपाल पद पर पदस्थ किया गया है। बुधवार को प्रशिक्षु आईएफएस सुश्री श्वेता कम्बोज, उममण्डल अधिकारी जेनी ग्रेस कुजूर व रेंजर आशीष देवांगन ने पदोन्नत वनपालों का स्टार अलंकरण किया। पदोन्नत वनपालों में अली अहमद, सूरज विश्वास, कृष्ण मुरारी शर्मा, अरूण कुमार दुबे, शिव भगत, रामकृपाल सिंह शामिल हैं। इस दौरान वन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश बराडे, उपाध्यक्ष संतोष सिन्हा एवं अशोक पाण्डेय उपस्थित थे।

## चिलचिलाती धूप में अब निकल रही कोपलें

# तेंदूपत्ता संग्रहण की दृष्टि से भीषण गर्मी हुई अनुकूल, खरीदी लक्ष्य के निकट सरगुजा वनवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- संग्राहकों को तेंदूपत्ते से होगी अच्छी आय

इस बार की गर्मी भले ही लोगों को झुलसा रही है लेकिन तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए गर्मी वरदान साबित हुई तथा संग्राहकों ने तेंदूपत्ता के माध्यम से अधिक आय हासिल की है। वन विभाग के लिए भीषण गर्मी इस बार अनुकूल साबित हुई। गर्मी में गुणवत्तायुक्त तेंदू पत्तों की लगातार आवक होने के कारण सरगुजा वनवृत्त के कुछ वनमण्डलों ने लक्ष्य से अधिक तेंदूपत्ता खरीदा है जबकि अधिकांश वन मण्डल पत्ता खरीदी की दृष्टि से लक्ष्य के निकट पहुंच गए हैं।

तेंदूपत्ता संग्रहण वनवासी परिवारों की आय का मुख्य जरिया है। इस बार मौसम के अनुकूल होने एवं भीषण गर्मी पड़ने के कारण तेंदू के पौधों में लगातार नई कोपले निकलते रही। मौसम अनुकूल होने के कारण इस बार बड़े आकार के सुंदर पत्ते निकलने से वनवासी परिवारों को अपेक्षाकृत अधिक रोजगार मिला साथ ही आमदनी में भी काफी वृद्धि हुई है। ऐन समय में बारिश एवं बादल-पानी की स्थिति निर्मित होने से तेंदु के पौधों से नए कोपल निकलना बंद हो जाता है। मौसम खराब होने पर पत्तों में दाने निकल जाते हैं जिसके कारण ऐसे पत्तों की न तो खरीदी होती है न ही कोई अन्य उपयोग ही। इस बार लगातार चिलचिलाती धूप निकलने एवं भीषण गर्मी पड़ने के कारण शुरू से लेकर अंत तक गुणवत्ता युक्त पत्तों की आवक होती रही जिसका प्रभाव न केवल संग्राहकों के रोजगार एवं आय पर पड़ा बल्कि विभाग भी संग्रहण लक्ष्य के निकट पहुंच गया है। पत्तों की कम आवक एवं अन्य व्यवधानों के कारण कुछ क्षेत्रों में पत्ते की खरीदी बंद कर दी गई है जबकि अभी भी कुछ क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त पत्तों की आवक होने के कारण अभी भी फड़ों में संग्राहकों का पत्ता खरीदा जा रहा है। मौसम अनुकूल रहा तो अभी 4-5 दिनों तक कुछ क्षेत्रों में तेंदूपत्ता की खरीदी जारी रहने की संभावना जताई जा रही है।



फड़ में तेंदूपत्ता के साथ उपस्थित संग्राहक।

### लम्बे अर्से बाद पूरा होगा लक्ष्य

मई के महीने में विक्षोभ की सक्रियता से हर साल तेज रफ्तार आंधी चलती है जिससे फड़ों में सूखने के लिए रखे पत्ते इधर-उधर बिखर जाते हैं। इस दौरान कई बार पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से बेमौसम बारिश होती है जिससे तापमान कम हो जाता है। इस तरह के मौसमी व्यवधानों से तेंदू के पत्ते रूग्ण हो जाते हैं साथ ही नए पत्ते भी नहीं निकलते जिसका प्रभाव संग्राहकों के रोजगार एवं खरीदी पर पड़ता है। पिछले साल मई में बारिश होने के कारण खरीदी पर विपरीत प्रभाव पड़ा तथा खरीदी लक्ष्य पूरा नहीं हो सका। इस बार मौसम अनुकूल होने एवं भीषण गर्मी पड़ने के कारण सरगुजा वनवृत्त के सभी वन मण्डलों में तेंदुपत्ते की अच्छी खरीदी हुई है।

#### खरीदी लक्ष्य पूरा होने की स्थिति

सरगुजा वनमण्डल में खरीदी लक्ष्य 36200 मानक बोरा के विरूद्ध अब तक 33278 मानक बोरा पत्ते की खरीदी की गई है। जबकि बलरामपुर वनमण्डल में खरीदी लक्ष्य 143900 मानक बोरा के विरूद्ध 104054 मानक बोरा एवं सूरजपुर में 74500 मानक बोरा के विरूद्ध 316967 मानक बोरा, जशपुर में 32500 मानक बोरा के विरूद्ध 30899 मानक बोरा एवं कोरिया वनमण्डल में 43500 मानक बोरा के विरूद्ध 40746 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी की गई है। कोरिया वनमण्डल में 33000 मानक बोरा खरीदी लक्ष्य को पूरा करने के साथ ही 5 फीसदी अधिक पत्ते की खरीदी की है। सरगुजा वनवृत्त के सभी वनमण्डलों द्वारा 363600 के विरूद्ध 316967 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी की है जो लक्ष्य का 871.7 फीसदी है। शेष बचे दिनों में लक्ष्य के अनुरूप खरीदी होने की उम्मीद बताई जा रही है।

#### सीमावर्ती क्षेत्रों में खरीदी बंद

यूपी एवं झारखण्ड की सीमावर्ती खरीदी केंद्रों में बिचौलियों द्वारा दूसरे राज्यों का तेंदूपत्ता खपाने एवं आए दिन इसको लेकर हो रहे बवाल को देखते हुए विभाग ने इन केंद्रों में पहले ही पत्ते की खरीदी बंद कर दी है। कोचियों के विरूद्ध विभाग प्रारंभ से ही अभियान चला रहा था तथा अभियान के तहत 36 से अधिक कोचियों की बाइक एवं बाहर का तेंदूपत्ता जब्त किया गया। क्षेत्र के जंगलों से तेंदूपत्ता की आवक कम होने पर विभाग ने सीमावर्ती क्षेत्र के लगभग 50 केंद्रों में पूर्व में ही पत्तों की खरीदी बंद करा दी है जबकि अन्य केंद्रों में अभी भी पत्तें की खरीदी चल रही है।

#### पूरा होगा खरीदी लक्ष्य

अभी भी तेंदूपत्ता की खरीदी की जा रही है। इस बार मौसम अनुकूल होने के कारण लक्ष्य के अनुरूप खरीदी होने की उम्मीद है।

-आलोक कुमार बाजपेई
डीएफओ, बलरामपुर



# कलेक्टर ने तातापानी सहकारी समिति का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- खाद-बीज भण्डारण एवं वितरण व्यवस्था का लिया जायजा, किसानों से संवाद कर संतुलित उर्वरक उपयोग के लिए किया जागरूक

खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने तथा कृषि व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत तातापानी सहकारी समिति केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध खाद एवं बीज के भंडारण तथा वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने समिति में खाद-बीज के भण्डार तथा किसानों को किए जा रहे वितरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त खाद एवं बीज उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। कलेक्टर ने संबंधितों को भंडारण व्यवस्था सुव्यवस्थित रखने तथा वितरण कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान को खाद-बीज के लिए अनावश्यक परेशानी न हो यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के उपयोग को लेकर किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को इसकी सही मात्रा एवं उपयोग की विधि की जानकारी दें, जिससे किसान कम मात्रा में उर्वरक का उपयोग कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें। उन्होंने लघु एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता के आधार पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने समिति में पहुंचे किसानों से संवाद कर नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के उपयोग की जानकारी ली। किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किया। कलेक्टर ने किसानों से कहा कि उर्वरक का संतुलित उपयोग करते हुए बेहतर उत्पादन किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि अन्य किसानों को भी इसके लाभ के बारे में जानकारी दें ताकि अधिक से अधिक किसान जैविक खेती की ओर अग्रसर हों। उन्होंने किसानों को सहकारी समितियों से ही खाद एवं बीज उठाव करने की सलाह दी ताकि उन्हें प्रमाणित एवं गुणवत्तायुक्त सामग्री मिल सके। उन्होंने किसानों से चर्चा करते हुए किसान क्रेडिट कार्ड की भी जानकारी ली।

कलेक्टर ने कहा कि शासन की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का लाभ प्रत्येक किसान तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अधिक से अधिक किसानों को योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

# शादी की खुशियां बदली मातम में,वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर



हरिभूमि न्यूज : दरिमा

शादी की खुशिया उस समय मातम में बदल गई जब गैस सिलेंडर लेकर घर जा रहे बाइक सवार को सोल्ड टाटा मैजिक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार सूरजपुर निवासी छोटे लाल आ. गोरे लाल ससुराल में वैवाहिक कार्यक्रम होने पर परिवार के साथ कुछ दिन पूर्व आया था। आज दोपहर परिवार के ही देव लाल आ. मोहर साय के साथ गैस सिलेंडर लेने दरिमा स्थित गैस एजेंसी आए थे। गैस सिलेंडर लेकर घर जाने के लिए निकले और जैसे ही मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी सोल्ड टाटा मैजिक वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना के बाद चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया वहीं आसपास मौजूद लोगों ने घायल को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने एक घायल को मृत घोषित कर दिया वहीं दूसरे घायल का उपचार चल रहा है।

### खरसिया चौक पर विद्युत पोल से टकराई कार, युवती की मौत

अम्बिकापुर। देर रात कार सवार अनियंत्रित होकर खरसिया चौक स्थित विद्युत पोल से टकरा गए। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दोनों युवक को रायपुर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार महामाया मंदिर समीप निवासी वर्षा कश्यप आ. मनोज (19 वर्ष) बीती रात लगभग 2 बजे कांतिप्रकाशपुर निवासी अलिसा अंसारी आ. रफेल व बौरी पारा निवासी सागर बहेरा के साथ कार से महामामाया चौक की ओर से खरसिया चौक की ओर जा रहे थे। जैसे की कार सवार खरसिया चौक के समीप पहुंचे तभी चालक कार को सीधे चौक स्थित विद्युत पोल से टक्कर मार दी। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सामने वाला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि कार सवार वर्षा कश्यप को गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### गोदाम में मिला 1150 बोरी अवैध यूरिया, टीम ने किया सील

**अम्बिकापुर।** रासायनिक उर्वरकों के अवैध भण्डारण एवं कालाबाजारी पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। बलरामपुर जिलान्तर्गत ग्राम जरहाडीह में व्यवसायी के गोदाम में 1150 बोरी अवैध यूरिया का भण्डारण पाए जाने टीम ने गोदाम को सील किया है। अपर कलेक्टर चेतन बोरधरिया के नेतृत्व में प्रशासन की संयुक्त टीम नियमित उर्वरक दुकानों एवं गोदामों की जांच कर रही है। संयुक्त टीम ने ग्राम जरहाडीह में संचालित आदर्श कृषि सेवा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया तो व्यवसाई के गोदाम में 1150 बोरी यूरिया अवैध तरीके से भण्डारित पाया गया। दुकान संचालक द्वारा संस्थान का लाइसेंस एवं भंडारित यूरिया से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर गोदाम को सील करने की कार्रवाई की गई। अपर कलेक्टर श्री बोरधरिया ने बताया कि उर्वरकों के अवैध भण्डारण एवं कालाबाजारी के विरूद्ध प्रशासन की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर 50 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** सरगुजा में शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। पुलिस की कार्रवाई के बाद न्यायालय द्वारा 5 अलग अलग मामलों में 50 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में उदयपुर थाना व यातायात पुलिस द्वरा चेकिंग के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई। थाना उदयपुर पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उलंघन किए जाने पर ट्रक क्रमांक सीजी 30 ए 0365 के चालक रामानुजगंज निवासी 30 वर्षीय सुकुल रवि आ. फूलन रवि, स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीपी 6038 के चालक जयनगर के सम्बलपुर सेमरा निवासी 35 वर्षीय दुर्गेश मिंज आ. शैलेन्द्र मिंज, बाइक क्रमांक सीजी 15 सीडब्ल्यु 5903 के चालक दरिमा सरईटिकरा निवासी 32 वर्षीय कुदर साय आ. स्व. छेरतु राम, अपाचे मोटर का चालक लखनपुर गणेशपुर निवासी सुखसाय राजवाडे. आ. अप्रिसर राम, एवं पिकअप क्रमांक सीजी 10 व्ही 6944 का चालक भटगांव निवासी 32 वर्षीय संतोष आनंद आ. ह्दयलाल के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने सभी शराबी चालकों का डॉक्टरी मुलाहिजा कराने के बाद प्रकरण को न्यायालय में पेश किया जहां से सभी पर एमव्ही एक्ट की दहरा 185 के तहत 10-10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

# मालवीय मिशन के सदस्यों ने किया गीता पाठ

हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर



महामना मालवीय मिशन द्वारा प्रकाश कश्यप के निवास पर हनुमान चालीसा व गीता के 18वें अध्याय का पाठ किया गया। पाठ उपरांत दुर्गा प्रसाद तिवारी ने कहा कि गीता के 18वें अध्याय में गीता के संपूर्ण संदेश का सार भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन के समस्त संशयों का समाधान करते हुए कर्म, ज्ञान, त्याग, सन्यास और भक्ति के गूढ़ रहस्यों को स्पष्ट करते हैं। सुनील दत्त पाण्डेय ने कहा कि यह अध्याय हमें जीवन में मुक्ति प्राप्त करने का मार्ग बताता है। मनुष्य अपने कर्मों के फल की आसक्ति छोड़कर उन्हें ईश्वर को समर्पित कर देता है तब वह धीरे-धीरे बंधनों से मुक्त होने लगता है। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि सन्यास और त्याग में अंतर के उत्तर में श्रीकृष्ण कहते है कि सच्चा सन्यास कर्मों का त्याग नहीं बल्कि कर्मों के फल की इच्छा का त्याग है। जय प्रकाश चौबे ने कहा कि इस अध्याय में स्वधर्म की अवधारणा पर विशेष बल दिया गया है। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि मनुष्य को अपने स्वभाव के अनुरूप कर्तव्य का पालन करना चाहिए। गीता में वर्ण व्यवस्था को भी इसी संदर्भ में समझाया गया है जिसमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शुद्र के कर्तव्य उनके स्वभाव और गुणों के आधार पर निर्धारित बताए गए हैं। डॉ.जीके अग्रवाल ने कहा कि मनुष्य अपने कर्मों को केवल कर्तव्य समझकर करता है और उनके फल की अपेक्षा नहीं करता है तब उसका मन शुद्ध और शांत हो जाता है। ऐसा कर्म मनुष्य को अहंकार और आसक्ति से मुक्त कर देता है। रणविजय सिंह तोमर ने कहा कि इस अध्याय के अंत में अर्जुन कहते हैं कि उनके सभी संशय दूर हो गए हैं।

# पुलिया से नीचे नहर में गिरा ऑटो, एक युवक की मौत

दरिमा। सवारी लेकर जा रही ऑटो अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे नहर में गिर गई। दुर्घटना में गंभीर हुए दो लोगों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया वहीं युवती का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार दोपहर में ऑटो चालक सवारी लेकर पहुंचाने जा रहा था। जैसे ही चालक सवारी भरे ऑटो लेकर बाजापारा पुलिया के समीप पहुंचा तभी वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे सूखी नहर में गिर गई। दुर्घटना में सवार एक युवती व विमलेश नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि चालक सहित अन्य दो यात्रियों को मामूली चोटें आई। घायलों को दरिमा अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवती व युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत विमलेश को मृत घोषित कर दिया वहीं युवती की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 343 निर्माण कार्य में अनियमितताओं को लेकर युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**रामानुजगंज।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के नेता प्रतिपक्ष प्रतीक सिंह द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के बलरामपुर से रामानुजगंज तक निर्माणाधीन सड़क कार्य में व्यापक अनियमितता, घटिया निर्माण एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मानकों की अनदेखी को लेकर युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है।

श्री सिंह ने आरोप लगाया गया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों का गंभीर उल्लंघन किया जा रहा है। मिट्टी भराई, सबग्रेड निर्माण एवं डामरीकरण कार्य अत्यंत निम्न स्तर का किया जा रहा है, जिससे सड़क की मजबूती एवं गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया कि संबंधित ठेकेदार द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से कार्य को पेटी कॉन्ट्रैक्ट में देकर स्थानीय स्तर पर बिना तकनीकी मानकों के निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांच नियमित रूप से नहीं की जा रही है तथा कई स्थानों पर बिना उचित कम्पेक्शन एवं परीक्षण के कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा सड़क निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन कर मिट्टी एवं मोरम का उपयोग किए जाने का भी आरोप लगाया गया है, जिससे शासन को राजस्व हानि होने के साथ पर्यावरणीय नुकसान भी हो रहा है। निर्माणाधीन सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है। जगह-जगह गड्ढे, धूल एवं उबड़-खाबड़ रास्तों के कारण नागरिकों, मरीजों, विद्यार्थियों एवं यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण एजेंसी द्वारा नियमित पानी छिड़काव एवं सुरक्षा संकेतकों की व्यवस्था भी नहीं की जा रही है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई नेताओं ने मांग की कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के निर्माण कार्य की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की स्वतंत्र एजेंसी से जांच हो तथा दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए। प्रतीक सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सात दिवस के भीतर ठेकेदार एवं संबंधित जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा अनिश्चितकालीन काम रोको आंदोलन एवं चक्का जाम किया जाएगा। इस दौरान नीरज गुप्ता, सीबी सिंह,जीत गुप्ता, निशांत चौबे, अबरार अंसारी, संदीप सिंह, राजा साहू एवं आयुष सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिरा युवक, मौत

**अम्बिकापुर।** धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम जोरी बिल्हमा निवासी राजकुमार आ. मानिक राम (16 वर्ष) बरियों स्थित क्रेशर में काम करता था और वहीं रहता था। 25 मई को बाइक से किसी काम के सिलसिले में निकला था। इसी बीच बाइक सवार ग्राम ककना व बरियों के बीच अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर परिजन ने घायल को राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# महाविद्यालय में आयोजित हुई तारुण्य वार्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा संचालित तारुण्य वार्ता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर में प्राचार्य प्रो. नंद किशोर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक संवेदनशीलता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ एवं वक्ता के रूप में एजाज अहमद, नेत्र प्रकाश सोर, कालमती प्रसाद, ऊषा रोहित, दीपक टोप्पो, रामजनम सिंह, प्रियदर्शिनी कुजूर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अपने सारगर्भित उद्बोधनों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, पोषण, संक्रमण से बचाव तथा सामाजिक भ्रांतियों के निराकरण संबंधी जानकारी दी। प्राचार्य प्रो. नंद किशोर सिंह ने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि जागरूकता, सम्मान और सामाजिक संवेदनशीलता का भी महत्वपूर्ण पहलू है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ एवं जागरूक समाज निर्माण की दिशा में प्रेरित करते हैं। महाविद्यालय सदैव विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन सत्यम कुमार गुप्ता एवं आभार मंजीत कुमार चौबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की सहभागिता रही।



# जिम-नसीरुद्दीन की मेड इन इंडिया का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मेड इन इंडिया-ए टाइटन स्टोरी' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। यह काफी दिलचस्प है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि किस तरह 'टाइटन' देश का बड़ा ब्रांड और फिर पहचान बन गया। घड़ी के बहाने सीरीज में भारत के उदारीकरण से पहले के समय को दिखाया गया है। सीरीज में नसीरुद्दीन शाह और जिम सर्भ लीड रोल में हैं। सीरीज 'मेड इन इंडिया' में नसीरुद्दीन शाह को जेआरडी टाटा के किरदार में दिखाया गया है। वहीं, जिम सर्भ जेरक्सेस देसाई का किरदार निभाते नजर आएंगे। आज रिलीज हुए ट्रेलर में विजन और देश के लिए कुछ कर गुजरने का जुनून साफ नजर आया है। घड़ी के ब्रांड के बूते ग्लोबल मैप पर भारत की पहचान बनाना इतना आसान नहीं था।

लाइफ Style

# जैकलीन

## सिट्रीन टेरेन गाउन में स्टनिंग लुक आया सामने

कान फिल्म फेस्टिवलअब खत्म हो चुका है। वहीं अब फ्रेंच रिवेरा से जैकलीन फर्नांडिस का एक नया लुक सामने आया है, जो किसी के भी होश उड़ा देगा। इंडियन फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा के स्टाइलिश गाउन में जैकलीन फर्नांडिस का एक नया लुक सामने आया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस नए लुक में जैकलीन ने फ्रेंच रिवेरा के सामने कई सिजलिंग पोज दिए हैं, जो अब फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इसके साथ ही जैकलीन की कुछ तस्वीरें फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। जैकलीन की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। जैकलीन फर्नांडिस के लुक की बात करें तो उन्होंने जो गाउन पहना है, उस पर बारीक धागों की कढ़ाई, क्रिस्टल, मोती और सितारे (सीक्वेंस) जड़े हैं। यह गाउन सिट्रीन (सुनहले) पत्थर की तरह चमकता है। राहुल मिश्रा ने बताया कि यह उनके स्प्रिंग 2026 कॉउचर कलेक्शन 'एल्केमी' का हिस्सा है, जिसका नाम 'सिट्रीन टेरेन' गाउन है। यह डिजाइन धरती के तत्वों और प्रकृति से प्रेरित है। जैकलीन के इस लुक की स्टाइलिंग नमिता अलेक्जेंडर ने की है। वहीं जैकलीन का सटल मेकअप और हेयर शान मु ने किया है। जैकलीन का ये लुक उनके फैंस लाल दिल और फायर इमोजी बना रहे हैं। जैकलीन फर्नांडिस 2006 की मिस यूनिवर्स श्रीलंका विजेता हैं। श्रीलंकाई, कनाडाई और मलेशियाई मूल के परिवार में जन्मीं जैकलिन ने सिडनी विश्वविद्यालय से जनसंचार में डिग्री हासिल की है।



हॉलीवुड मसाला



# जल्द ही रिलीज होगी ही-मैन

**नई दिल्ली।** जून का पहला हफ्ता मनोरंजन के लिहाज से काफी अहम होने वाला है। भारतीय सिनेमा से लेकर हॉलीवुड तक सिनेमाघरों में लेटेस्ट रिलीज की बहार देखने को मिलेगी। मोस्ट अवेटेड सुपरहीरो मूवी ही-मैन का निर्माण मास्टर ऑफ द यूनिवर्स के बैनर तले हुआ है। 5 जून को इस अंग्रेजी फिल्म को दुनियाभर के थिएटर्स में रिलीज किया जाएगा। भारत में भी ये फिल्म हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में फैंस को एंटरटेन करती हुई दिखेगी।



# नोलन को सम्मान देगा टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

**लॉस एंजिल्स।** टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ने हाल ही में 'क्रिस्टोफर नोलनः ग्रांड डिजाइंस' प्रोग्राम की घोषणा की है। इसके तहत जल्द ही परदे पर नोलन का सुनहरा फिल्मी अतीत दिखाया जाएगा। यह फेस्टिवल 9 जुलाई से शुरू होगा और 20 अगस्त तक चलेगा। जुलाई-अगस्त में होने वाले इस फेस्टिवल में फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन की लगभग 12 फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इन फिल्मों में 'ओपेनहाइमर' से लेकर 'डंकिर्क' और 'टेनेट' से लेकर 'इंटरस्टेलर' जैसी मशहूर फिल्में दिखाई जाएंगी। इस ग्रांड डिजाइंस कार्यक्रम की शुरुआत 9 जुलाई को फिल्म 'टेनेट' से होगी और 20 अगस्त को डंकिर्क के प्रदर्शन के साथ इसका समापन किया जाएगा। इस प्रोग्राम में नोलन की द राइट स्टफ, द प्रेस्टीज, मेमेंटो, इंसेप्शन, बिगिन्स, द डार्क नाइट और द डार्क नाइट राइज समेत कई फिल्में दिखाई जाएंगी।



# कैरेक्टर एक्टर्स के बजट में होती है कटौती

**नई दिल्ली।** ससुराल गेंदा फूल फेम अभिनेत्री अनीता कंवल का कहना है कि बड़े सितारों की मांगे अक्सर फिल्म के बजट पर असर डालती हैं। कई बार बड़े बजट की फिल्मों में भी ऐसा देखने को मिलता है कि स्टार्स की अच्छी-खासी फीस और वैनिटी वैन सहित अन्य मांगों के चलते जूनियर कलाकारों की फीस पर कैंची चलती है। उन्होंने कहा कि बड़े बजट की फिल्मों के मुख्य कलाकार इतनी ज्यादा फीस लेते हैं कि 250 करोड़ रुपए की फिल्म में भी कैरेक्टर एक्टर्स को अपनी फीस में कटौती करनी पड़ती है। अनीता कंवल को बनेगी अपनी बात और 'सोनपरी' जैसे चर्चित शो में देखा गया है। हाल ही में सिद्धार्थ कनन के साथ एख इंटरव्यू में उन्होंने इंडस्ट्री को लेकर चौंकाने वाली बातें कहीं। इसी दौरान उन्होंने कहा कि बड़े कलाकार बहुत ज्यादा फीस लेते हैं।



# शॉर्ट फिल्म बना रहीं पति होंगे एक्टर

**मुंबई।** एक्ट्रेस रेणुका शहाणे और आशुतोष राणा ने हाल ही में अपनी शादी की 25वीं सालगिरह बड़े धूमधाम से मनाई। इस खास मौके पर दोनों काफी खुश हैं, लेकिन इस साल उनके पास खुश होने की एक और वजह भी है। अब ये जोड़ी एक नए रोल में साथ काम करने जा रही है- एक्टर और डायरेक्टर के तौर पर। एक इंटरव्यू में रेणुका शाहाने ने बताया कि वह इस साल पहली बार अपने पति आशुतोष राणा को एक शॉर्ट फिल्म में डायरेक्ट कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'डायरेक्शन करते समय हमेशा थोड़ी घबराहट होती है, लेकिन इस बार यह और खास है क्योंकि फिल्म में राणा जी मुख्य भूमिका में हैं। पहली बार वो कैमरे के सामने हैं और मैं उसके पीछे हूं, और ये किसी भी तरफ जा सकता है। ये एक बड़ा रिस्क है, क्योंकि जरूरी नहीं कि आप अच्छे पार्टनर हैं तो स्क्रीन पर भी वही केमिस्ट्री दिखे।

टीवी मसाला




# दूरदर्शन का शो, 11 साल चला और तोड़ा रामायण का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** रामायण और महाभारत को तो हर कोई जानता है। इन दोनों शोज को लोगों ने बड़ी संख्या में देखा और रिकॉर्ड सेट किया। लेकिन, दूरदर्शन पर एक ऐसा भी शो आता था, जिसने इन शोज का भी रिकॉर्ड तोड़ा और बड़ी टीआरपी हासिल की। इस सबसे लंबे समय तक चलने वाले कल्चरल प्रोग्राम को भारतीय टेलीविजन के इतिहास में दर्शकों से गजब का रिस्पॉन्स मिला। 'सुरभि', 1993 का एक कल्चरल प्रोग्राम था जिसने भारत की विरासत को नया आयाम दिया और बहुत जल्द ही इसने जबरदस्त लोकप्रियता हासिल कर ली। इसे सिद्धार्थ काक और रेणुका शहाणे ने होस्ट किया था और इसमें उभरते कलाकारों ने हिस्सा लिया था। इस शो की लोकप्रियता बहुत अधिक थी, 1993 में इसे हर सप्ताह 14 लाख से अधिक चिट्ठियां मिलती थीं, जिसके कारण इसे लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह मिली। दर्शकों की प्रतिक्रिया इतनी जबरदस्त थी कि डाकघर में चिट्ठियां रखने की जगह ही नहीं बची। दरअसल, शो की टीम को चिट्ठियों की टीम तक पहुंचाने के लिए एक टेम्पो (घोड़ागाड़ी) किराए पर लेनी पड़ी। यह भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे लंबे समय तक चलने वाला शो (11 साल) बन गया, और भारत की कला और शिल्प से लेकर सांस्कृतिक विविधता तक सब कुछ दिखाने के लिए लोकप्रिय था। बाकी शोज के एंकरों से हटकर, सिद्धार्थ काक और रेणुका शहाणे फर्श पर बैठकर इसे होस्ट करते थे, जिसने उन्हें पूरे भारत में घर-घर में मशहूर कर दिया।

## एक्टर को हनुमान की भक्ति से मिला शो

**नई दिल्ली।** एक्टर गौतम रोडे ने अपनी जिंदगी में आए मुश्किल दौर की कहानी सुनाई और बताया कि 'मेरे घर के पास काला हनुमान मंदिर है।



उन्होंने कहा- मैंने हनुमान जी का 40 दिन का चलिया भी रखा, आप यकीन नहीं करेंगे 41वें दिन मुझे इंडियाज गॉट टैलेंट का ऑफर मिला। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगह में कई ऐसे एक्टर्स हैं जो पूजा-पाठ और ईश्वर में अपार श्रद्धा रखते हैं। इनमें से कोई शिव भक्त हैं तो कोई राम भक्त। बा बहू और बेबी, लकी, सरस्वतीचंद्र, काल भैरव जैसे शोज में नजर आने वाले टीवी एक्टर गौतम ने बताया है कि वो हनुमान और शिवजी के भक्त हैं और जीवन के मुश्किल वक्त में हनुमान की भक्ति ने उन्हें राह दिखाई। उन्होंने बताया कि एक वक्त ऐसा आया जो मुश्किल भरा फेज था। उन्होंने कहा, 'मुझे करीब 2 साल तक काम नहीं मिला, मुझे लगता है कि मैं फंस गया था। मैं छोटा-मोटा काम कर रहा था। लेकिन कुछ भी नहीं चल रहा था।' मैंने हनुमान जी का 40 दिन का चलिया भी रखा, आप यकीन नहीं करेंगे 41वें दिन मुझे इंडियाज गॉट टैलेंट का ऑफर मिला।

# केदारनाथ के बाद बद्रीनाथ पहुंचे तिलक लगाए फोटो की शेयर

**मुंबई।** गायक कैलाश खेर केदारनाथ के बाद अब बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर गए हैं। अपनी आध्यात्मिक यात्रा की तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वे बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच नजर आ रहे हैं। उन्होंने गले में रुद्राक्ष की माला पहनी है और माथे पर चंदन का तिलक लगाया हुआ है। कैलाश खेर की इस धर्मिक यात्रो को लेकर उनके फैंस बेहद खुश हैं। इससे पहले इसी महीने कैलाश खेर ने केदारनाथ मंदिर के दर्शन किए थे। वहां उन्होंने बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच खड़े होकर अपना प्रसिद्ध भजन 'बम लहरी' भी गाया, जिसका वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। उन्होंने कैप्शन में लिखा था, 'महादेव का धाम, पूरन सारे काम। जय जय केदारा।' केदारनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और यह भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में से 11वां है। वहीं, बद्रीनाथ मंदिर भगवान विष्णु का धाम है। ये दोनों पवित्र मंदिर उत्तराखंड के पहाड़ों में स्थित हैं। काम की बात करें तो कैलाश खेर का नया गाना 'जोगी' रिलीज हुआ है। यह गाना संत आदि शंकराचार्य को एक संगीतमय श्रद्धांजलि है, जिसमें उनके जीवन और पवित्र मठों की स्थापना की कहानी दिखाई गई है। 'जोगी' गाने को लेकर कैलाश खेर ने कहा, 'यह गाना मेरे लिए सिर्फ एक संगीत नहीं, बल्कि एक आंतरिक यात्रा है। आदि शंकराचार्य की सोच हमें याद दिलाती है कि सच्चा धर्म हमेशा जीवित रहता है।' कैलाश खेर भारतीय संगीत जगत के एक प्रमुख सूफी और पॉप-रॉक गायक हैं। उनकी अनूठी, रूहानी और बुलंद आवाज ने उन्हें देश-विदेश में अपार लोकप्रियता दिलाई है। कैलाश खेर के सबसे लोकप्रिय गानों में तेरी दीवानी, अल्लाह के बंदे, सैयां और चांद सिफारिश जैसे कई बेहतरीन गाने शामिल हैं।



# 60 सालों से रफी के इस गाने को माना जाता है अभिशाप, किसने दी आशा को बद्दुआ?

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसे गानों की लिस्ट भरी पड़ी है जिसे लोग अपने मूड, फीलिंग्स और इजहार करने के लिए इस्तेमाल करते हैं। चाहे वो लव एट फर्स्ट साइट हो, दिल टूटने का दर्द हो, या फिर जिंदगी का जश्न हमारे पास हर मौके के लिए एक परफेक्ट 'प्लेलिस्ट' तैयार रहती है। जिन चीजों को कई बार शब्दों के जरिए बयां कर पाना मुश्किल होता है उसके लिए गाने खूबसूरत काम करते हैं। लेकिन, क्या आप कभी सोच सकते हैं कि फिल्म के किस गाने को बद्दुआ के तौर पर भी इस्तेमाल किया गया होगा?

### गाने को बद्दुआ के तौर पर करते हैं इस्तेमाल

शायद नहीं तो चलिए आज हम आपको एक ऐसे ही गाने के बारे में बताने वाले हैं जिसका इस्तेमाल इस तरह किया जाता है जैसे किसी को कोई बद्दुआ दी जा रही हो। हम बात कर रहे हैं 1966 में आई फिल्म 'आए दिन बहार के' (की जिसमें धर्मेंद्र आशा पारेख, बलराज साहनी, राज मेहता और सुलोचना लतकर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के गाने मेरे दुश्मन तू मेरी दोस्ती को तरसे की एक-एक लाइन अगर आप ध्यान से सुनेंगे तो आपको समझ आएगा कि इसके बोल कुछ इसी तरह लिखे गए हैं। सुनकर समझ आता है जैसे गाने वाले के दिल में कितनी नफरत भरी है। गाने के बोल आनंद बक्शी ने लिखे हैं।



### तू फूल बने पतझड़ का...

इस फिल्म के गाने को अभिशाप के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। तू फूल बने पतझड़ का, तुझ पे बहार न आए कभी... मेरी ही तरह तू तड़पे तुझको करार न आए कभी...जिये तू इस तरह की जिंदगी को तरसे सुनकर ही लग रहा है कि गाने वाले के दिल में कितना दुख भरा हुआ है। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दी है। मोहम्मद रफी की आवाज में वैसे ही वो जादू था जो सीधे दिल में उतर जाती थी।

## रेडियो के जरिए घर-घर में उठी विरह की टीस

# 200 साल पुराना गीत, जो तवायफ की नाकाम मोहब्बत का दर्द करता है बयां

### कचौड़ी गली सून कैला बलमू

यह गीत है 'कचौड़ी गली सून कैला बलमू', जिसे हाल ही में कोक स्टूडियो भारत ने जारी किया है और यह आते ही छा गया है। हालांकि, इस भोजपुरी लोकगीत का इतिहास 200 साल पुराना है।

### लोक दादरा शैली की कजरी गीत

'कचौड़ी गली' गीत बनारस क्षेत्र की लोक दादरा शैली की कजरी गीत है। इस गीत का कनेक्शन 1824-1826 के दौर में जबरन एंग्लो-बर्मी युद्ध में भैजे गए मजदूरों, सैनिकों और आम पुरुषों से जोड़ा जाता है। ज्यादातर पूर्वांचल से लोगों को युद्ध में भेजा गया जिनमें से कई लोग कभी वापस नहीं आए। पतियों की आस में बैठीं पत्नियों के दर्द से इस लोकगीत का निर्माण हुआ।

*नई दिल्ली। गीत-संगीत सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं होते हैं, हर गीत एक कहानी बयां करती है। गीत के हर बोल के पीछे दिल का हाल छुपा होता है। 200 साल पहले एक ऐसा ही लोकगीत बना था जिसमें विरह की टीस थी। इस गीत के पीछे एक इतिहास था जिसे अलग-अलग अंदाज में पेश किया गया। कभी युद्ध में भेजे जाने वाले पतियों की बीवियों के दर्द के रूप में तो कभी तवायफों की नाकाम मोहब्बत के रूप में। इस आर्टिकल में हम उस गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे 200 साल बाद फिर से नए अंदाज में जिंदा कर दिया गया है।*



### प्रतिरोध की आवाज बन गई यह गीत

*कहा जाता है कि इस लोकगीत का कनेक्शन बनारस की तवायफों से भी जुड़ा है। इस गीत में संगीत की संरक्षक माने जाने वालीं तवायफ की नाकाम मोहब्बत का दर्द भी छुपा था। इतना ही नहीं, तवायफ ने इस गीत को प्रतिरोध में भी गाया। इतिहासकारों के मुताबिक, तवायफों ने देश की आजादी के लिए आवाज उठाई। अपने काम के पैसे आंदोलन में लगाया। क्रांतिकारियों को पनाह भी दी गई और जब वो प्रेमी अंग्रेजों के द्वारा पकड़ कर ले जाए थे तो यह गीत प्रतिरोध की आवाज बन गई।*

### नए वर्जन ने मचाया धमाल

*समय के साथ गीत को घर-घर में पहुंचाया गया और इसका सबसे बड़ा योगदान रसूलन बाई, बड़ी मोतीबाई और सिद्धेश्वरी देवी को जाता है। उन्होंने ग्रामोफोन और रेडियो के जरिए इस गीत को घर-घर में पहचान दिलाई। इस गीत को बाद में भोजपुरी गायिकाओं मालिनी अवस्थी और मैथली ठाकुर ने भी गाया। आज भले ही यह गीत ज्यादा सुना न गया हो, लेकिन इसके नए वर्जन ने हर ओर गर्दा उड़ा दिया है।*

## खबर संक्षेप

### 2 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** कलमी में आयोजित शिविर के दौरान महुआ शराब के संबंध में शिकायत मिली थी। जिसके परिप्रेक्ष्य में प्रभारी अधिकारी याजेन्द्र मेहर एवं आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम पड़ीगांव, थाना पुसौर, जिला रायगढ़ में छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी जैन क्लाइथ आ नवीन कलाइथ, 20 निवासी पड़ीगांव के कब्जे से 2 लीटर क्षमता वाली हरे रंग की प्लास्टिक बोतल में भरी कुल 2 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की गई। आबकारी विभाग ने मौके पर शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में प्रमाण पत्र वितरण

**बिलाईगढ़।** क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी एवं प्रतियोगी शिक्षा से जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहे कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में ऑटोमोटिव बैच की ट्रेनिंग एवं कोचिंग पूर्ण होने पर भव्य प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश शर्मा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में सफलता के लिए अनुशासन, निरंतर मेहनत और सही मार्गदर्शन बेहद आवश्यक है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मोदी सरकार ...

उपलब्धियों को बताने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का महाअभियान है। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक अभियान को प्रभावी रूप से पहुंचाया जाएगा। अभियान के तहत 5 जून को पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान, 5 से 7 जून तक मीडिया कॉन्क्लेव एवं पत्रकार वार्ताएं, 7 जून को एनडीए संयुक्त प्रेस वार्ता, 8 से 10 जून तक प्रदेश स्तरीय मीडिया संवाद, 9 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान, प्रगति पथ यात्रा एवं बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही 12 से 20 जून तक विकसित भारत संकल्प मेला एवं लाभार्थी सम्मेलन आयोजित कर केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों से संवाद किया जाएगा।

### शिक्षा-स्वास्थ्य-सड़क सहित 1250 से अधिक विकास कार्यों की बनी कार्ययोजना

# आदिवासी ब्लाकों में अब मॉडल हेल्थ सेंटर समेत अत्याधुनिक लाइब्रेरी का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के माध्यम से जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, सिंचाई एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए संचालित विकास कार्यों की कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना पर भी व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान लगभग 1250 से अधिक विकास कार्यों की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने कहा कि डीएमएफ मद की राशि का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विकास और जनजीवन को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है, इसलिए कार्यों का चयन स्थानीय आवश्यकताओं और जनहित को ध्यान में रखकर किया जाए। बैठक में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इसके अंतर्गत धरमजयगढ़, लैलूंगा, घरघोड़ा एवं तमनार में आधुनिक लाइब्रेरी निर्माण की योजना बनाई गई है। प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों में लाइब्रेरी सह अध्ययन कक्ष विकसित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध हो सके। इसके अलावा स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष, शौचालय, किचन शेड एवं खेल अधोसंरचना विकास से जुड़े कार्य भी प्रस्तावित हैं। खनन प्रभावित क्षेत्रों के आईटीआई संस्थानों के अपग्रेडेशन तथा विद्यार्थियों के लिए ट्रेनिंग एवं स्कॉलरशिप प्रोग्राम संचालित करने पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने नए स्वीकृत कार्यों के वर्क ऑर्डर तक की प्रक्रिया सितंबर माह तक पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे आगामी वर्ष बारिश पूर्व विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा सके।

**खास बातें**
- छात्रावास, आंगनबाड़ी, स्कूल भवन, खेल अधोसंरचना, सड़क और सिंचाई कार्यों को मिलेगी गति
- डीएमएफ से बदलेगी खनन प्रभावित क्षेत्रों की तस्वीर


बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित अधिकारी।

**स्वास्थ्य सेवाओं का होगा उन्नयन**

स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लैलूंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मॉडल कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के रूप में विकसित करने की योजना पर चर्चा हुई। इसके साथ ही सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ एवं दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन के प्रस्ताव भी रखे गए। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के लिए वेलनेस सेंटर की स्थापना तथा खनन प्रभावित क्षेत्रों के मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने पर भी विचार किया गया।

**पेयजल, पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता**

बैठक में समूह जलप्रदाय योजनाएं, बोरवेल, पंप स्थापना एवं पाइपलाइन विस्तार जैसे पेयजल संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के तहत अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र, पर्यावरणीय सुधार कार्य तथा तमनार क्षेत्र में उद्यान स्थापना के प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा विभिन्न ग्रामीण एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण, पुलिया निर्माण, सिंचाई के वैकल्पिक स्रोत विकसित करने तथा जलाशय निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।



## दुकानों में गड़बड़ी, 6 खाद विक्रेताओं का लाइसेंस सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद, बीज एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने हेतु उर्वरक निरीक्षक के द्वारा विगत दिनों जिले के सहकारी एवं निजी विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान 06 निजी संस्थाओं द्वारा नियमों का उल्लंघन करने का मामला सामने आया। ऐसे में 6 संस्थानों को सस्पेंड कर दिया गया है। इसमें मेसर्स दिलीप ट्रेडर्स हरदी, साहू कृषि केन्द्र मल्दा अए मेसर्स धनलक्ष्मी ट्रेडर्स जोरापाली, मेसर्स पुष्पराज केशरवानी, भटगांव, मेसर्स आनंद ट्रेडर्स एवं कृषि केन्द्र, सरसीवां एवं मेसर्स साहू खाद भण्डार, पवनी का अनुज्ञप्ति निलंबन किया गया। निरीक्षण के दौरान जयप्रकाश गुप्ता उर्वरक निरीक्षक, मायाशंकर जोल्हे और प्रकाश कुमार थवाईत, बीटीएम एवं जुगेश्वर पटेल, वाहन चालक उपस्थित रहे। इन्होने विकासखण्ड बिलाईगढ़ अंतर्गत मेसर्स आनंद ट्रेडर्स सरसींवा, प्रकाश ट्रेडर्स पेण्ड्रावन, धनलक्ष्मी ट्रेडर्स जोरापाली, प्रमोद कृषि केन्द्र, राहुल हार्डवेयर भटगांव, पुष्पराज केशरवानी भटगांव, मेलाराम कृषि केन्द्र दुमुहानी एवं विकासखण्ड सारंगढ़ अंतर्गत मेसर्स सेवा सहकारी समिति कोसीर, साहू कृषि केन्द्र मल्दा अ गीता ट्रेडर्स अण्डोला, चन्द्रा कृषि केन्द्र जशपुर, दिलीप ट्रेडर्स हरदी का निरीक्षण किया गया।

## 666 सरकारी राशन दुकानों के माध्यम से हितग्राहियों को मिल रहा खाद्यान्न

**रायगढ़।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत हितग्राहियों को नियमित रूप से खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में वर्तमान में कुल 666 शासकीय उचित मूल्य दुकानें संचालित हैं, जिनमें 571 दुकानें ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। सभी दुकानों को प्रत्येक कार्य दिवस पर खोलकर हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

अप्रैल से जून तीन माह का एकमुश्त चावल वितरण किया जा रहा है। जिले में लगभग 101 प्रतिशत राशनकार्डधारी हितग्राहियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके साथ ही 'वन नेशन वन राशन कार्ड' एवं पोर्टेबिलिटी व्यवस्था के माध्यम से अन्य राज्यों एवं जिलों से आने वाले हितग्राहियों को भी खाद्यान्न वितरण की सुविधा दी जा रही है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से संचालित होती है। हितग्राही को खाद्यान्न जारी होने की स्थिति में ही ई-पॉस मशीन से स्टॉक कम होता है, जिससे वितरण व्यवस्था पारदर्शी बनी रहती है। विभागीय जानकारी के अनुसार अप्रैल माह में नागरिक आपूर्ति निगम के प्रदाय केंद्रों में चना एवं शक्कर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध नहीं होने के कारण कुछ दुकानों में इन सामग्रियों का भंडारण मई माह के प्रारंभिक सप्ताह में किया गया। शासन द्वारा शक्कर, नमक एवं चना वितरण की अवधि 15 मई तक निर्धारित किए जाने के कारण ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर हितग्राहियों तक सामग्री वितरण कराया गया। इस संबंध में जिले के सभी सहायक खाद्य अधिकारियों एवं खाद्य निरीक्षकों को आवश्यक निर्देश भी जारी किए गए थे। वहीं विकासखंड घरघोड़ा एवं तमनार में चना एवं शक्कर वितरण की अवधि बढ़ाने के लिए भी शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। खाद्य विभाग ने जानकारी दी है कि रायगढ़ जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दाल का वितरण नहीं किया जाता है। विभाग द्वारा खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि हितग्राहियों को समय पर सामग्री उपलब्ध हो सके।

- ऑनलाइन बायोमेट्रिक प्रणाली से हो रहा पारदर्शी वितरण, चना-शक्कर आपूर्ति के लिए विभागीय स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग

## औद्योगिक दुर्घटनाओं में कमी की कवायद, 14 उद्योगों की जांच

**रायगढ़।** औद्योगिक दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा कारखानों में सुरक्षा मानकों को मजबूत करने के उद्देश्य से औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में लगातार मॉक ड्रिल, सुरक्षा कार्यशालाएं एवं औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी की अध्यक्षता में संयुक्त जांच दल गठित किया गया है, जिसके माध्यम से विभिन्न कारखानों में औद्योगिक स्वास्थ्य, श्रम कानूनों के पालन तथा पर्यावरणीय नियमों के अनुपालन की जांच की जा रही है।

इसी क्रम में विगत सप्ताह खरसिया क्षेत्र स्थित स्काई एलॉय एवं केएल एनर्जी कारखानों का निरीक्षण किया गया, जहां विभिन्न बिंदुओं पर अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित प्रबंधन से जवाब तलब किया गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अन्य कारखानों की भी औचक जांच आगामी दिनों में जारी रहेगी। अब तक जिले में कुल 14 कारखानों का निरीक्षण किया जा चुका है। कारखानों में दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आपदा स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एनआर इस्पात एंड प्राइवेट लिमिटेड कारखाना परिसर में फायर बेस्ड मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में तत्काल नियंत्रण, जान-माल की सुरक्षा तथा विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग की जानकारी दी गई। विभाग के अनुसार मई माह में अब तक 12 कारखानों में मॉक ड्रिल एक्सरसाइज आयोजित की जा चुकी है। इसी क्रम में 26 मई को एनटीपीसी लारा में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में एसिड स्पिलेज आधारित मॉक ड्रिल आयोजित की गई।




## धार्मिक नगरी में 25 वर्षों से अनवरत जारी अखंड नवधा रामायण, रामभक्ति में डूबा चंद्रपुर

**चंद्रपुर।** सक्ती जिले के अंतिम छोर में बसा मां चंद्रहासिनी की पावन धार्मिक नगरी चंद्रपुर के यादव मोहल्ला में आयोजित अखंड नवधा रामायण श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हो रहा है। बीते 25 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा यह धार्मिक आयोजन क्षेत्रवासियों की आस्था और सनातन संस्कृति का प्रतीक बन चुका है।

महानदी प्रहरी तुलसी मानस मंच सेवा समिति यादव मोहल्ला चंद्रपुर द्वारा आयोजित इस अखंड नवधा रामायण में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रभु श्रीराम की कथा एवं भजन कीर्तन का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में जय श्रीराम के उद्घोष से भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा, राम जन्मोत्सव, राम विवाह, राम वन गमन, राम सुग्रीव मित्रता, लंका दहन, राम रावण युद्ध एवं राम राज्याभिषेक जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि वर्षों से नगरवासियों के सहयोग और प्रभु श्रीराम की कृपा से यह धार्मिक परंपरा निरंतर आगे बढ़ रही है। आगामी दिनों में यज्ञ पूर्णाहुति एवं हवन पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।



### वन भूमि समतलीकरण मामले में 10 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

**घौठला बड़े।** गोमर्डा अभ्यारण क्षेत्र के ग्राम पंचायत बटाउपाली ब के आश्रित ग्राम टांगर में वन भूमि पर कथित अतिक्रमण और भूमि समतलीकरण का मामला चर्चा में है। आरोप है कि एक किसान द्वारा लंबे समय से कब्जे में बताई जा रही वन भूमि पर जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर समतलीकरण कराया जा रहा था। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मशीनों को जब्त कर लिया, लेकिन 10 दिन के बाद भी आगे की कार्रवाई नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम टांगर में कमल पटेल द्वारा वन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से मिट्टी पटाई और समतलीकरण का कार्य कराए जाने की सूचना विभाग को मिली थी। इसके बाद 16 मई की शाम रेंजर देवेश पटेल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी तथा एक ट्रैक्टर को जब्त कर गोमर्डा अभ्यारण कार्यालय में रखवा दिया।













